विजय कुमार शर्मा ने बताया कि हरीनारायण चौधरी व भंवरलाल अंतर्गत एक पेड़ एक विद्यार्थी, एक

छात्र-छात्राओं को मिलेगी विभिन्न सुविधाएं

राउप्रा विद्यालय में नवीनीकरण कार्य का उद्घाटन

कोटखावदा. ब्लॉक के ग्राम पंचायत हरिपुरा की ग्राम बाढ़बलदेवपुरा में गुरुवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में एक निजी कंपनी एवं मुकुल माधव फाउंडेशन द्वारा चलाई जा रही नवीनीकरण परियोजना का फिक्की जयपुर चैप्टर की अध्यक्ष रघुश्री पोद्दार द्वारा उद्घाटन किया गया। प्रधानाध्यापक हरीश कुमार ने बताया कि एमएमएफ द्वारा विद्यालय में छतों की मरम्मत, विद्यार्थियों के बैठने के लिए फर्नीचर, वाटर कूलर, प्यूरीफायर, इंटर लॉकिंगटाइल्स, रंग रोगन, आर्टवर्क, हाथ धोने के स्टेशन, शौचालय सहित अन्य कार्य करवाए गए हैं। इससे पहले विद्यालय जर्जर स्थिति में था। अब ये कार्य होने से नामांकन वृद्धि के साथ विद्यार्थियों को विभिन्न सुविधाएं मिल पाएगी। साथ ही राजकीय विद्यालय में कम्प्यूटर डिजिटल लेब मय सोलर पैनल के साथ लगाने की घोषणा की। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य हरिपुरा जंगदीश जाट, हेमंत, हरचरण सिंह, शरद, धर्म सिंह गुर्जर, राधा शर्मा, ज्योति आसीवाल, गोपाल मीणा, कजोड़ मीना, छीतर मीना सहित कई लोग मौजूद रहे।